Mahendra's Daily Current Affairs: 03.10.2020

1-Fisheries, Animal Husbandry and Dairying Minister Giriraj Singh released a booklet on Pradhan Mantri Matsya Sampada Yojana (PMMSY) that will guide beneficiaries and other stakeholders about the scheme.

पशुपालन, डेयरी और मत्स्यपालन मंत्री गिरिराज सिंह ने प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना (पीएमएमएसवाई) पर एक पुस्तिका जारी की, जो योजना के बारे में लाभार्थियों और अन्य पक्षों को जरूरी जानकारी उपलब्ध कराएगी।

2-Spanish tennis player Gerard Joseph Platero Rodriguez has been suspended for four years and fined $15,000 after being convicted of courtsiding, the first player to be charged with the offense.

स्पेनिश टेनिस खिलाड़ी गेर्राड जोसेफ प्लेटेरो रोड्रिग्स पर कोर्टसाइडिंग में लिप्त पाये जाने के कारण चार साल के लिये प्रतिबंधित कर दिया गया है और उन पर **15,000** डॉलर का जुर्माना लगाया गया है, वह पहले ऐसे खिलाड़ी हैं जिन पर इस तरह के आरोप लगे हैं।

3-Non-food bank credit growth decelerated to 6 per cent in August as against 9.8 per cent in the same month last year, RBI data showed.

आरबीआई के आंकड़ों के मुताबिक, बैंकों के गैर-खाद्य ऋण (नॉन फूड बैंक क्रेडिट) की वृद्धि दर इस साल अगस्त में कम होकर छह प्रतिशत पर आ गयी।

4-Keshubhai Patel has been re-appointed as Chairman of Shri Somnath Trust for one more year.

केशुभाई पटेल को एक और वर्ष के लिए दोबारा श्री सोमनाथ न्यास का अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

5-US private equity firm Silver Lake Partners will invest an additional Rs 1,875 crore in the retail arm of Reliance Industries.

अमेरिका की निजी इक्विटी कंपनी सिल्वर लेक पार्टनर्स रिलायंस इंडस्ट्रीज की खुदरा इकाई में **1,875** करोड़ रुपये का अतिरिक्त निवेश करेगी।

6-Lt Gen Harinder Singh, the commander of the Leh-based 14 Corps who held six rounds of tough negotiations with Chinese military on the border standoff in eastern Ladakh, has been appointed as head of the prestigious Indian Military Academy.

पूर्वी लद्दाख में सीमा गतिरोध पर चीनी सेना के साथ छह दौर की वार्ता का नेतृत्व करने वाले लेह स्थित **14** वीं कोर के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल हरिंदर सिंह को प्रतिष्ठित भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) का प्रमुख नियुक्त किया गया है।

7-Chief Minister Trivendra Singh Rawat inaugurated a 25-kilowatt capacity project worth Rs 25 lakhs for generating electricity using Pirul (dry pine needles) at Chakon Dhanari village in Dunda block of Uttarkashi district.

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने बुधवार को उत्तरकाशी जिले के डुंडा क्षेत्र के ग्राम चकोन धनारी में **25** लाख रुपये की लागत वाली **25** किलोवाट क्षमता की पिरूल (चीड की सूखी पत्तियां) से विद्युत उत्पादन की पहली परियोजना का लोकार्पण किया।

8-Hindu Munnani founder Rama Gopalan, who had tested positive for COVID-19, died in Chennai. He was 94.

हिंदू मुन्नानी के संस्थापक संयोजक रामागोपालन का कोविड-**19** से संक्रमित पाये जाने के बाद चेन्नई में निधन हो गया। वह **94** वर्ष के थे।

9-ISRO is scheduled to launch its Venus mission in 2025 and France will participate in it, French space agency CNES said.

फ्रांस की अंतरिक्ष एजेंसी सीएनईएस ने कहा कि इसरो **2025** में शुक्र ग्रह से संबंधित अपने मिशन को अंजाम देगा और फ्रांस इसमें शामिल होगा।

10-The Athletics Federation of India (AFI) cancelled this year's national championships in view of the Covid-19 pandemic, virtually bringing the season to an end without any competition.

भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने कोरोना वायरस महामारी के कारण इस साल की राष्ट्रीय चैम्पियनशिप रद्द कर दी जिससे यह सत्र बिना किसी प्रतिस्पर्धा के ही समाप्त हो गया ।

11-Shareholders of Dhanlaxmi Bank ousted Managing Director and Chief Executive Officer Sunil Gurbaxani, little over seven months after he assumed charge of the lender.

धनलक्ष्मी बैंक के शेयरधारकों ने प्रबंध निदेशक (एमडी) एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सुनील गुरबक्शानी को पदभार संभालने के सात महीने से भी कम समय में बाहर कर दिया।